भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3435
उत्तर देने की तारीख 09.08.2021

पुडुचेरी मैँ केन्द्रीय विद्यालय

†3435. श्री वी. वैथिलिंगम

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि संघ राज्यक्षेत्र पुडुचेरी के माहे क्षेत्र मैँ केन्द्रीय विद्यालय (के.वी.) आरंभ से ही कई वर्षों से किराए के भवन मैँ काम कर रहा है; और

(ख) यदि हाँ, तो उक्त विद्यालय के लिए पूर्णतया समर्पित भवन का निर्माण कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) पुडुचेरी के संघ राज्य (यूटी) के माहे क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय (के.वी.) प्रायोजक प्राधिकरण अर्थात पुडचेरी संघ राज्य क्षेत्र द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी भवन में कार्य कर रहा है।

(ख) केन्द्रीय विद्यालय के लिए स्थायी भवनों का निर्माण करना एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रयोजक प्राधिकरणों द्वारा केवीएस के पक्ष में पट्टा संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने, निर्माण एजेंसी द्वारा आरेखन/अनुमानों को प्रस्तुत करने, निधियों की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदनों आदि पर निर्भर करता है।

******